(D) जूनो गुना और कथी के ठीक बीच में बैठा है **[D]**

व्याख्या—बैठक व्यवस्था चित्रानुसार होगी—

कथी जूनो मिनी गुना अबी निशा

∴ व्यवस्था के संदर्भ में विकल्प (D) सत्य है।

4. सात मकान A, B, C, D, E, F तथा H एक पंक्ति में उत्तरमुखी बनाए गए हैं (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों) I D दाएं सिरे पर बनाया गया है। A तथा F, B के ठीक बगल में बनाए गए हैं। E, A के ठीक बगल में बनाया गया है। H, B के दाई ओर चौथे स्थान पर है। विकल्पों में दिए गए तीन संयोजन उपरोक्त व्यवस्था में घरों की

यदि इस पारदर्शी शीट को बिंदीदार रेखा पर मोड़ा जाता है तो ऐसा करने से बना चित्र कौनसा होगा?



(A) A (B) D (C) B (D) C **[C]**

व्याख्या—पारदर्शी सीट को बिंदीदार रेखा पर मोड़ने पर वह उत्तर चित्र B जैसा दिखेगा।

7. दी गई कागज की शीट को मोड़ने पर कौन-कौन से बॉक्स बनेंगे?



(A) केवल II और III (B) केवल III और IV
(C) केवल I और IV (D) केवल I और II **[B]**

व्याख्या—



बॉक्स के रूप में मोड़ने पर ऊपर खाली, नीचे O, आमने-सामने खाली अथवा + आएगा।

अत: केवल विकल्प III व IV ही बनेंगे।

8. एक कागज को प्रथम दो चित्रों में दिखाई गई बिन्दु रेखाओं पर मोड़ा गया, और तीसरे चित्र में दिखाए गए तरीके के अनुसार काटा गया। खोले जाने पर यह कैसा दिखेगा?



(A) (B)

(C)  (D) **[B]**

व्याख्या—कागज को चित्रानुसार मोड़कर, काटकर वापस खोलने पर वह विकल्प आकृति (B) के समान दिखेगा।

9. नीचे एक कागज को मोड़ने और उसे काटने का तरीका दर्शाया गया है। यह कागज खोलने पर कैसा दिखाई देगा?



(A)  (B) 

(C)  (D)  **[A]**

व्याख्या—कागज मोड़कर व चित्रानुसार काटकर पुन: खोलने पर वह विकल्प आकृति (A) जैसी दिखाई देगी।

10. एक कागज़ को मोड़ने का क्रम, तथा मुड़े हुए कागज़ को काटे जाने का ढंग, नीचे दिए गए चित्रों में प्रदर्शित है। खोले जाने पर यह कागज़ कैसा दिखाई देगा?



(A)  (B) 

(C)  (D)  **[D]**

व्याख्या—कागज को मोड़कर काटकर वापस खोलने पर वह विकल्प (D) अदृश्य दिखेगा।

11. कागज की दी गई शीट को मोड़े जाने पर निम्नांकित में से कौनसा/से बॉक्स बनेगा?



(A) केवल II और III
(B) केवल I, II और IV
(C) केवल III और IV
(D) केवल I और IV **[B]**

व्याख्या—कागज को मोड़कर बॉक्स की आकृति होगी—
चित्र I, II और IV के समान।

12. उस विकल्प का चयन करें जो नीचे दी गई पारदर्शी शीट (प्रश्न चित्र) को दिखाई गई बिंदुदार रेखा पर मोड़ने पर दिखता है।

प्रश्न आकृति

उत्तर आकृति



Unit-II : सामान्य विज्ञान

1 भौतिक एवं रासायनिक परिवर्तन [Physical and Chemical Changes]

- एक पदार्थ के दूसरे पदार्थ में बदलने पर या एक अवस्था से दूसरी **अवस्था में परिवर्तन** के कारण ही नए पदार्थ का निर्माण होता है।
- पदार्थ में होने वाले परिवर्तनों को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है—
  (1) भौतिक परिवर्तन (2) रासायनिक परिवर्तन

भौतिक परिवर्तन

- पदार्थों में होने वाला वह परिवर्तन जिसमें उनकी भौतिक अवस्था में परिवर्तन होता है किन्तु पदार्थों के **रासायनिक संघटन** एवं रासायनिक गुणों में कोई परिवर्तन नहीं होता है, भौतिक परिवर्तन कहलाता है।
  उदाहरण—सोने का पिघलना, काँच का टूटना, शक्कर का पानी में घुलना, लोहे का चुम्बक में बदलना, संघनन, आसवन, उर्ध्वपातन आदि।

भौतिक परिवर्तन के गुण

- भौतिक परिवर्तन में **पदार्थ के भौतिक गुणों** जैसे आयतन, अवस्था, ताप, घनत्व, रंग आदि में परिवर्तन होता है।
- पदार्थ के रासायनिक संघटन तथा रासायनिक गुणों में कोई परिवर्तन नहीं होता है।
- यह परिवर्तन **उत्क्रमणीय** होता है।
- यह परिवर्तन **अस्थायी** होता है।

रासायनिक परिवर्तन

- पदार्थों में होने वाला वह परिवर्तन जिसमें नया पदार्थ प्राप्त होता है जो रासायनिक संघटन तथा रासायनिक गुणों में मूल पदार्थ से पूर्णतः भिन्न होता है, **रासायनिक परिवर्तन** कहलाता है।
  उदाहरण—कोयले का जलना, लोहे पर जंग लगना, दूध से दही बनना, अवक्षेपण, दहन, किण्वन आदि।

रासायनिक परिवर्तन के गुण

- रासायनिक परिवर्तन से जो नए पदार्थ बनते हैं वे मूल पदार्थ से रासायनिक गुणों तथा संघटन में भिन्न होते हैं।
- यह परिवर्तन अनुत्क्रमणीय होता है।
- यह परिवर्तन स्थाई होता है।
- इस परिवर्तन में पदार्थों के भौतिक व रासायनिक गुण बदल जाते हैं।

रासायनिक समीकरण

- रासायनिक अभिक्रिया में **पदार्थों को अणुसूत्रों एवं प्रतीकों की सहायता** से प्रदर्शित किया जाता है, उसे रासायनिक समीकरण कहते हैं।
- रासायनिक अभिक्रिया में भाग लेने वाले पदार्थ अभिकारक या क्रियाकारक एवं अभिक्रिया के फलस्वरूप बनने वाले पदार्थ **उत्पाद** कहलाते हैं।
- किसी रासायनिक समीकरण में क्रियाकारक तीर के निशान के बाँयी तरफ तथा उत्पाद दाँयी तरफ लिखे जाते हैं। तीर का चिह्न **अभिक्रिया की दिशा** को दर्शाता है।
- किसी रासायनिक अभिक्रिया में प्रयुक्त **उत्प्रेरक तीर के निशान के ऊपर** लिखा जाता है।
- रासायनिक समीकरण क्रियाकारक व उत्पाद में **अणुओं की संख्या, द्रव्यमान, पदार्थों की भौतिक अवस्था, अक्रमणीयता** एवं **अभिक्रिया** के लिए आवश्यक परिस्थितियाँ जैसे **ताप, दाब, उत्प्रेरक** आदि की सूचनाएँ प्रदान करती है।
- रासायनिक समीकरण अभिक्रिया की पूर्णता एवं क्रियाकारक व उत्पाद की सान्द्रता के बारे में कोई जानकारी नहीं देता है।
- जब किसी रासायनिक समीकरण के दोनों पक्षों में अभिकारक व उत्पाद के परमाणुओं की संख्या समान होती है तो **संतुलित रासायनिक समीकरण** कहलाती है।
- यदि किसी रासायनिक समीकरण के दोनों पक्षों के तत्वों के परमाणुओं की संख्या असमान हो तो ऐसी समीकरण **असंतुलित रासायनिक समीकरण या कंकाली रासायनिक** समीकरण कहलाती है।
- रासायनिक अभिक्रिया के प्रमुख अभिलक्षणों में गैस निकलना, अवक्षेप बनना, ताप व रंग परिवर्तन तथा अवस्था परिवर्तन शामिल है।

रासायनिक अभिक्रिया

- "किसी पदार्थ में रासायनिक परिवर्तन होने को **रासायनिक अभिक्रिया** कहते हैं।" रासायनिक क्रिया द्वारा जब एक पदार्थ दूसरे पदार्थ में बदलता है तो उसके रासायनिक **संघटन** एवं रासायनिक **गुण** मूल पदार्थ से भिन्न होते हैं किन्तु पदार्थों के **कुल द्रव्यमान** में कोई परिवर्तन नहीं होता है।
- रासायनिक अभिक्रिया को रासायनिक समीकरण से व्यक्त किया जाता है। जैसे मैग्निशियम के रिबन को ऑक्सीजन में जलाने पर मैग्नीशियम ऑक्साइड का श्वेत चूर्ण बनता है।

$$2mg_{(s)} + O_{2(g)} \longrightarrow 2mgo_{(s)}$$

रासायनिक अभिक्रिया के प्रकार

- अभिकारकों के संयोग करने, बंध के बनने व टूटने, अभिक्रिया की प्रकृति एवं वेग के आधार पर रासायनिक अभिक्रियाएँ विभिन्न प्रकार की होती है—

संयोजन अभिक्रिया/योगात्मक अभिक्रिया

- दो या दो से अधिक पदार्थों (तत्व या यौगिक) के संयोग से एक नए पदार्थ का बनना संयोजन या योगशील अभिक्रिया कहलाती है। उदाहरण—



(i) अकार्बनिक संयोजन अभिक्रिया—

$$2Mg + O_2 \rightarrow 2MgO$$
$$NH_3 + HCl \rightarrow NH_4Cl$$

Unit-II : आपदा प्रबन्धन एवं जलवायु परिवर्तन

1 आपदा प्रबन्धन (परिचय एवं वर्गीकरण) [Disaster Management (Introduction and Classification)]

आपदा का अर्थ (Meaning of Disaster)

- ''आपदा'' शब्द का मूल फ्रेंच शब्द ''डिसआस्ट'' (Desastre) से लिया गया है। जो दो भागों ''डिस'' (Des) अर्थात ''बुरा'' (Bad) और ''अस्तर'' (Astre) अर्थात ''तारा'' (Star) से मिलकर बना है।
- प्राचीन समय में आपदाओं का कारण प्रतिकूल ग्रहों को माना जाता था।
- वर्तमान समय में, ''आपदा'' का सामान्यतः उपयोग उन प्राकृतिक और मानव-निर्मित घटनाओं के लिए किया जाता है, जो किसी क्षेत्र में गंभीर क्षति और कष्ट पैदा करती हैं तथा जिनका समाधान क्षेत्रीय संसाधनों द्वारा करना कठिन होता है।
- **आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005** के अनुसार, ''आपदा'' का अर्थ है किसी क्षेत्र में मानव-निर्मित या प्राकृतिक कारणों से उत्पन्न तबाही, दुर्घटना, या लापरवाही, जो मानव जीवन, संपत्ति, पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचाती है।
- **अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस सोसायटी** के अनुसार, ''आपदा अचानक घटित होने वाली एक ऐसी घटना है, जो समाज और समुदाय की कार्यप्रणाली को गंभीर रूप से प्रभावित करती है, और सामाजिक, आर्थिक, व पर्यावरणीय क्षति का कारण बनती है। ये घटनाएं समुदाय के संसाधनों से परे होती हैं।''
- **संयुक्त राष्ट्र आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यालय (UNDRR)** के अनुसार, आपदा एक समुदाय के कामकाज को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। यह मानवीय, भौतिक, आर्थिक और पर्यावरणीय क्षति का कारण बनती है, जो समुदाय की वहनीय क्षमता से परे होती है।
- यह संकट, सुभेद्यता की स्थितियों और जोखिम के संभावित नकारात्मक परिणामों को कम करने के अपर्याप्त उपायों या क्षमता के संयोजन का परिणाम है।
- आपदा से होने वाली क्षति को सामान्यतः भौतिक इकाइयों (जैसे - आवास के लिए वर्ग मीटर, सड़कों के लिए किलोमीटर आदि) में मापा जाता है।
- यह प्रभावित क्षेत्र में भौतिक परिसंपत्तियों के संपूर्ण या आंशिक विनाश से हुई हानि को निरूपित करती है।

आपदाओं के प्रभाव

- आपदाओं से सम्बन्धित कुछ प्रभाव निम्नानुसार हैं—
  - आर्थिक और सामाजिक संरचना पर प्रतिगामी प्रभाव
  - सामाजिक आवश्यकताओं (आवास, भोजन, चिकित्सा) में विघटन
  - संचार, यातायात और आधारभूत संरचना में बाधा
  - पलायन (दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक)
  - कानून एवं व्यवस्था की समस्याएं
  - मनोवैज्ञानिक आघात
  - आजीविका की हानि
  - जीवन चक्र में गिरावट
  - जन और संपत्ति की क्षति
  - महामारी का खतरा

आपदाओं का वर्गीकरण (Classification of of Disaster)

1. जल और जलवायु संबंधी आपदाएं

- जल और जलवायु संबंधी आपदाएं निम्न प्रकार हैं—
  - बाढ़ (Floods)
  - चक्रवात (Cyclones)
  - बवंडर और तूफान (Tornadoes and Hurricanes)
  - ओला वृष्टि (Hailstorm)
  - बादल फटना (Cloud Burst)
  - ऊष्मा लहर और शीत लहर (Heat Wave and Cold Wave)
  - सूखा (Droughts)
  - हिमस्खलन (Snow Avalanche)
  - समुद्री कटाव (Sea Erosion)
  - आकाशीय बिजली (Thunder and Lightning)
  - सुनामी (Tsunami)

2. भौगोलिक आपदाएं

- भौगोलिक आपदाएं निम्न प्रकार हैं—
  - भूस्खलन और कीचड़ प्रवाह (Landslides and Mudflows)
  - भूकंप (Earthquakes)
  - बांध टूटना (Dam Failures)

3. रासायनिक, औद्योगिक और परमाणु आपदाएं

- रासायनिक, औद्योगिक और परमाणु आपदाएं निम्न प्रकार हैं—
  - रासायनिक और औद्योगिक आपदाएं (Chemical and Industrial Disasters)
  - परमाणु आपदाएं (Nuclear Disasters)

4. दुर्घटनाजन्य आपदाएं

- दुर्घटनाजन्य आपदाएं निम्न प्रकार हैं—
  - दावानल (Forest Fires)
  - शहरी आग (Urban Fires)
  - खदान में आग (Mine Fires)
  - तेल रिसाव (Oil Spills)
  - इमारत ढहना (Building Collapse)
  - बम विस्फोट (Bomb Blasts)
  - पर्व संबंधी आपदाएं (Festival Disasters)
  - विद्युत आपदाएं (Electrical Fires)

Unit-II : भारतीय संविधान एवं राजस्थान के विशेष संदर्भ में राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था

1 संविधान का परिचय एवं आधारभूत लक्षण [Introduction & Basic Features of the Constitution]

भारतीय संविधान

- संविधान किसी भी देश के आधारभूत **कानूनों का संग्रह** होता है। इसके द्वारा न केवल सरकार का गठन होता है अपितु सरकार और नागरिकों के आपसी सम्बन्धों का निर्धारण भी होता है।
- संविधान देश की सरकार के विभिन्न अंगों अर्थात् **व्यवस्थापिका, कार्यपालिका** और **न्यायपालिका** का स्वरूप तय करता है। उनकी शक्तियों एवं सीमाओं का फैसला करता है।
- नागरिकों के अधिकार कर्त्तव्य क्या होंगे, पुलिस एवं न्यायप्रणाली कैसी होगी आदि सभी बातों का निर्धारण देश के संविधान द्वारा होता है।
- इस प्रकार संविधान किसी राष्ट्र का जीवन्त स्वरूप होता है।

संविधान निर्माण के प्रयास

- सर्वप्रथम 1895 में बाल गंगाधर तिलक द्वारा ''स्वराज विधेयक'' में भारतीयों के संविधान सभा के सिद्धान्तों का दर्शन देखने को मिलता है।
- सन् 1922 ई. में महात्मा गाँधी ने भारतीयों द्वारा संविधान के निर्माण की मांग प्रस्तुत की। उन्होंने कहा, ''भारतीयों का संविधान की इच्छानुसार होना चाहिए।''
- सन् 1928 ई. में मोतीलाल नेहरू द्वारा प्रस्तुत नेहरू रिपोर्ट में प्रस्ताव रखा।
- सन् 1934 में रॉय वामपंथी आंदोलन के प्रखर नेता एम.एन. रॉय ने संविधान सभा के गठन का प्रस्ताव रखा।
- वर्ष 1935 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने प्रथम बार भारत के संविधान के निर्माण के लिए आधिकारिक रूप से संविधान सभा के गठन की मांग की।
- वर्ष 1938 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से पंडित जवाहरलाल नेहरू ने घोषणा की कि स्वतंत्र भारत के संविधान का निर्माण वयस्क मताधिकार के आधार पर चुनी गई संविधान सभा द्वारा किया जाएगा और इसमें कोई बाहरी हस्तक्षेप नहीं होगा।
- नेहरू जी की इस मांग को अंततः ब्रिटिश सरकार ने सैद्धांतिक रूप से स्वीकार कर लिया गया। इसे सन् 1940 के **अगस्त प्रस्ताव** के नाम से जाना जाता है।
- **क्रिप्स मिशन–मार्च, 1942**—ब्रिटिश प्रधानमंत्री विन्स्टन चर्चिल ने 11 मार्च, 1942 को क्रिप्स मिशन की घोषणा की। ब्रिटेन के युद्ध मंत्री स्टेफर्ड क्रिप्स के नेतृत्व में एक विशिष्ट मण्डल 23 मार्च, 1942 को भारत भेजा तथा 30 मार्च, 1942 को प्रस्ताव प्रस्तुत किये जिसे क्रिप्स मिशन नाम से जाना जाता है।
- कांग्रेस के मिशन द्वारा भारत के पूर्ण स्वतंत्रता के स्थान पर डोमिनियन स्टेटस का दर्जा दिए जाने, देशी रियासतों के प्रतिनिधियों के लिए निर्वाचन की जगह मनोनयन की व्यवस्था, प्रांतों को भारतीय संघ से पृथक संविधान बनाने की व्यवस्था के विरोध में क्रिप्स मिशन के प्रस्तावों को अस्वीकार किया।
- सत्ता के त्वरित हस्तांतरण की योजना के अभाव तथा प्रतिरक्षा के मुद्दे पर वास्तविक भागीदारी न होने और गवर्नर जनरल को पूर्ववत् सर्वोच्चता दिए जाने से भी कांग्रेस असंतुष्ट थी।

कैबिनेट मिशन योजना

- क्रिप्स मिशन की असफलता के बाद 9 फरवरी 1946 को ब्रिटिश प्रधानमंत्री एटली ने भारत में एक कैबिनेट मिशन भेजने की घोषणा की।
- 24 मार्च 1946 को यह मिशन भारत पहुँचा। इसमें तीन सदस्य—**सर स्टैनफोर्ड क्रिप्स, ए.वी. अलेक्जेण्डर** तथा **लार्ड पैथिक लॉरेंस** थे।
- कैबिनेट मिशन योजना को भारत में स्वीकार किया गया जिसके निम्न कारण थे—
  - (i) भारत के विभाजन को अस्वीकार कर दिया गया।
  - (ii) अखिल भारतीय संघ बनाने का प्रावधान।
  - (iii) भारतीय संविधान, संविधान सभा द्वारा तैयार किया जाएगा तथा इसके सभी सदस्य भारतीय होंगे।
  - (iv) इसमें कुल **389** सदस्य होंगे जिसमें **289** प्रांतों, **चार** सदस्य चीफ कमिश्नर प्रांतों के तथा **93** सदस्य भारतीय रियासतों के होंगे।
  - (v) प्रत्येक प्रांतों द्वारा भेजे गए सदस्यों की संख्या **जनसंख्या** के आधार पर निश्चित की जाएगी।
  - (vi) भारतीय रियासतों से भी जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधि आने थे किन्तु उनके चुनने की विधि का निर्णय शासकों के परामर्श से करना था।
- इस प्रकार कांग्रेस ने संविधान सभा द्वारा स्वतंत्र तथा अखण्ड लोकतंत्रीय भारत के संविधान बनने की आशा से प्रेरित होकर उसको स्वीकार किया।
- मुस्लिम लीग ने इससे पाकिस्तान के बनने के बीज के रूप में देखकर इसको स्वीकार किया।

संविधान सभा

- चुने गए जनप्रतिनिधियों की जो सभा संविधान नामक विशाल दस्तावेज को लिखने का काम करती है उसे संविधान सभा कहते हैं।

संविधान सभा का गठन

- कैबिनेट मिशन योजना द्वारा सुझाए गए प्रस्तावों के तहत नवम्बर 1946 में संविधान सभा का गठन हुआ।
- प्रान्तों में संयुक्त प्रान्त से सर्वाधिक सदस्य (55) तथा रियासतों में से सर्वाधिक सदस्य मैसूर रियासत (7) से थे।
- संविधान सभा के चुनावों में एक मात्र रियासत हैदराबाद थी जिसने भाग नहीं लिया।

Unit-III : राजस्थान का इतिहास, कला एवं संस्कृति

1 राजस्थान की प्रमुख ऐतिहासिक घटनाएँ [Main Historical Events of Rajasthan]

इतिहास के महत्त्वपूर्ण स्रोत



1. शिलालेख

❖ राजस्थान में बड़े स्तर पर पुरातात्विक सर्वे का कार्य सर्वप्रथम **1871 ई.** में **ए.सी.एल. कार्माइस** के निर्देशन में प्रारम्भ किया गया।

क्र. सं.	अभिलेख	स्थापना वर्ष	प्राप्ति स्थल (जिला)	जानकारी
1.	**बिजोलिया शिलालेख**	1170 ई.	**बिजोलिया (भीलवाड़ा)**	❖ संस्कृत भाषा में उत्कीर्ण इस शिलालेख के **रचयिता गुणभद्र** माने जाते हैं। ❖ सोमेश्वर चौहान के समय के इस शिलालेख में **सांभर व अजमेर के चौहानों को वत्स गौत्रीय ब्राह्मण** बताते हुए उनकी वंशावली दी गई है।
2.	**चीरवे का शिलालेख**	1273 ई.	**चीरवा गाँव (उदयपुर)**	❖ इसमें **बप्पा रावल से लेकर समरसिंह** तक की उपलब्धियों का वर्णन है।
3.	**राज प्रशस्ति**	1676 ई.	**राजसमंद झील (राजसमंद)**	❖ इस पद्यमय रचना के रचयिता **रणछोड़ भट्ट तैलंग** माने जाते हैं। ❖ राजसमंद झील की **नौ चौकी की पाल** पर 25 सफेद पत्थरों पर संस्कृत में उत्कीर्ण यह प्रशस्ति **विश्व का सबसे बड़ा** शिलालेख माना जाता है। ❖ महाराणा राजसिंह द्वारा स्थापित इस प्रशस्ति में मेवाड़ के **बप्पा रावल से राजसिंह** तक के शासकों की वंशावली व उपलब्धियों का वर्णन है।
4.	**घोसुण्डी** (हाथीबाड़ा) **शिलालेख**	दूसरी शताब्दी ई.पू.	**घोसुण्डी, नगरी (चित्तौड़गढ़)**	❖ वैष्णव धर्म से सम्बन्धित यह अभिलेख **ब्राह्मी लिपि** में संस्कृत भाषा में उत्कीर्ण है जिसमें **संकर्षण एवं वासुदेव की पूजा का उल्लेख** है। ❖ यह सर्वप्रथम **डी.आर. भण्डारकर** द्वारा पढ़ा गया। ❖ इसमें **गजवंश** के सर्वतात द्वारा **अश्वमेघ यज्ञ** करने का वर्णन है।
5.	**घटियाला अभिलेख**	861 ई.	**घटियाला (जोधपुर)**	❖ घटियाला में एक स्तंभ पर संस्कृत भाषा में उत्कीर्ण इस शिलालेख के लेखक **मग** और उत्कीर्णकर्त्ता **कृष्णेश्वर** थे। ❖ इसमें मण्डोर (जोधपुर) के **प्रतिहार शासक कुक्कुक का वर्णन** है।
6.	**राणकपुर प्रशस्ति**	1439 ई.	**राणकपुर (पाली)**	❖ यह प्रशस्ति **संस्कृत भाषा** व **नागरी लिपि** में है। ❖ राणकपुर चौमुखा जैन मंदिर में स्थापित इस प्रशस्ति में **बप्पा रावल से राणा कुंभा तक** का उल्लेख है। ❖ इसका सूत्रधार प्रसिद्ध वास्तुकार **देपाक** (**दीपा**) था।

15 ऐतिहासिक व सांस्कृतिक दृष्टि से राजस्थान की हस्तियाँ
[Celebrities of Rajasthan from Historical and Cultural Point of View]

नाम (जन्म स्थल)	विशेष विवरण
सूर्यमल्ल मीसण (बूँदी)	राजस्थान के राज्य कवि एवं बूँदी के शासक महाराव रामसिंह के समकालीन प्रसिद्ध चारण कवि सूर्यमल्ल मीसण ने सात ग्रंथों वीर सतसई, वंश भास्कर, राम रंजाट, बलवद्-विलास, छंद-मयूख, धातु रूपावली एवं सती रासो की रचना की।
पं. गौरीशंकर हीराचन्द ओझा (सिरोही)	1911 में इन्होंने **'सिरोही राज्य का इतिहास'** लिखा। श्री ओझा राजस्थान के प्रसिद्ध पुरातत्ववेता भी माने जाते हैं। **'राजपूताने का इतिहास'** तथा **'भारतीय प्राचीन लिपिमाला'** इनके महत्वपूर्ण ग्रंथ हैं।
मुंशी देवी प्रसाद (जयपुर)	इन्होंने बाबरनामा, हुमायूँनामा, जहाँगीरनामा आदि फारसी ग्रंथों का हिन्दी अनुवाद किया तथा **'स्वप्न राजस्थान'** नामक ग्रंथ में राजपूत शासकों के चरित्र का वर्णन किया।
कर्नल जेम्स टॉड (इस्लिंगटन, इंग्लैण्ड)	इन्होंने 1817–1822 तक पश्चिमी राजपूत राज्यों में ईस्ट इंडिया कम्पनी के पॉलिटिकल एजेंट के रूप में कार्य करते हुए **'एनाल्स एण्ड एण्टीक्यूटीज ऑफ राजस्थान'** (मूल नाम हिस्ट्री ऑफ सेण्ट्रल एण्ड वेस्टर्न ऑफ इंडिया) नामक पुस्तक लिखी। इनकी अन्य पुस्तक **'ट्रेवल इन वेस्टर्न इण्डिया'** (1839) इनकी मृत्यु के बाद प्रकाशित हुई।
वीर दुर्गादास (जोधपुर)	दुर्गादास राठौड़ ने सरदारों को संगठित कर बालक अजीतसिंह को शाही चंगुल से बचाया। मेवाड़ के साथ संधि के समय दुर्गादास ने कूटनीति पूर्ण तरीके से अजीतसिंह को निकालकर मराठा दरबार में ले गया। दुर्गादास को अजीतसिंह द्वारा जोधपुर से निकाले जाने पर वे उदयपुर के महाराणा अमरसिंह की सेवा में गया जहाँ उन्हें रामपुरा का हाकिम नियुक्त किया गया।
महाराणा प्रताप	1572 ई. में गोगुंदा में राजसिंहासन पर बैठे इनका राज्याभिषेक कुंभलगढ़ में हुआ। प्रताप आदिवासियों में **'कीका'** के नाम से प्रसिद्ध थे। महाराणा प्रताप व अकबर के मध्य हल्दीघाटी का प्रसिद्ध युद्ध हुआ।
मोतीलाल तेजावत	**'आदिवासियों का मसीहा'** (बावजी) कहे जाने वाले तेजावत 1920 में चित्तौड़गढ़ स्थित 'मातृकुण्डिया' नामक स्थान पर **'एकी आन्दोलन'** प्रारम्भ किया तथा उदयपुर व चित्तौड़गढ़ से लोकसभा सदस्य एवं राजस्थान खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष रहे।
मोहनलाल सुखाड़िया	**'आधुनिक राजस्थान के निर्माता'** सुखाड़िया 13 नवम्बर, 1954 को राजस्थान के मुख्यमंत्री बने तथा 17 वर्ष तक शासन करके **'राजस्थान में सर्वाधिक समय तक मुख्यमंत्री'** रहने का गौरव प्राप्त किया। इन्होंने इन्दुबाला के साथ अंतर्जातीय विवाह करके मेवाड़ के सामाजिक जीवन में क्रांति लाई। राजस्थान के मुख्यमंत्रित्व के पश्चात् वे तीन राज्यों (कर्नाटक, आन्ध्रप्रदेश व तमिलनाडु) के राज्यपाल रहे।
हरिदेव जोशी	तीन बार राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे हरिदेव ने **'दैनिक नवयुग'** व **'कांग्रेस संदेश'** नामक पत्रिकाओं का संपादन किया तथा डूँगरपुर के आदिवासियों को राष्ट्रीय आन्दोलन के लिए जागृत किया।
गुरु गोविन्द गिरि (डूँगरपुर)	गोविन्द गिरि ने **'सम्प सभा'** की स्थापना करके आदिवासी भीलों में समाज सुधार आन्दोलन चलाया। 1908 में इनकी कार्यस्थली मानगढ़ पहाड़ी पर एक वार्षिक सभा के दौरान अंग्रेजी सेना ने फायरिंग कर भीषण नरसंहार किया।
पं. नयनूराम शर्मा	हाड़ौती क्षेत्र के प्रमुख क्रांतिकारी पं. नयनूराम शर्मा ने **हाड़ौती प्रजामण्डल की स्थापना** की। इनकी 14 अक्टूबर, 1914 की रात्रि में हत्या कर दी गई।
हरिभाऊ उपाध्याय	हरिभाऊ ने **'औदुम्बर'** नामक मासिक पत्रिका का संपादन किया तथा 1916 से 1919 तक महावीर प्रसाद द्विवेदी के साथ **'सरस्वती'** पत्रिका का संपादन किया। इन्हें राजस्थान का प्रथम डिक्टेटर बनाया गया। इन्होंने **'सस्ता साहित्य मण्डल'** एवं हटूण्डी (अजमेर) में **गाँधी आश्रम** (1917) व **महिला शिक्षा सदन** (1945) की स्थापना की। 1952 में अजमेर राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बने एवं 1966 में पद्मश्री से सम्मानित हुए।
पं. अभिन्न हरि (बद्रीनाथ)	इन्होंने कोटा में **'लोक सेवक'** साप्ताहिक समाचार पत्र प्रारम्भ किया तथा 1941 में कोटा राज्य प्रजामण्डल के अध्यक्ष बने। 1942 की अगस्त क्रांति में महात्मा गाँधी के आह्वान पर 8–9 अगस्त, 1942 को बम्बई के ग्वालिया टैंक मैदान में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन में कोटा से सम्मिलित होने वाले एकमात्र प्रतिनिधि थे।

Unit-III : भूगोल : राजस्थान

1 राजस्थान : स्थिति एवं विस्तार [Rajasthan : Location and Extent]

- 1 नवम्बर, 1956 को राजस्थान के एकीकरण के अंतिम चरण के दौरान वर्तमान राजस्थान की भौगोलिक सीमाएँ अस्तित्व में आयी, प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण की आवश्यकताओं के चलते समय-समय पर यहाँ नवीन जिलों एवं संभागों का गठन हुआ है।
- एकीकरण के अंतिम चरण में 1 नवम्बर 1956 ई. को राजस्थान में कुल 26 जिले थे। **26वां** जिला **अजमेर** को बनाया गया था।
- 15 अप्रैल 1982 को भरतपुर से अलग होकर **धौलपुर** राज्य का **27वां** जिला बनाया गया।
- 10 अप्रैल 1991 को कोटा से पृथक करके **बारां** को राज्य का **28वां** जिला बनाया गया तथा इसी दिन जयपुर से अलग करके **दौसा** को राज्य का **29वां** जिला एवं उदयपुर से पृथक करके **राजसमंद** को राज्य का **30वां** जिला बनाया गया था।
- इसी क्रम में 12 जुलाई 1994 को श्रीगंगानगर से विभाजित करके **हनुमानगढ़** को राजस्थान का **31वां** जिला बनाया गया।
- इसी प्रकार 19 जुलाई 1997 को सवाई माधोपुर से अलग करके **करौली** को राज्य का **32वां** जिला बनाया गया तथा 26 जनवरी 2008 को तीन जिलों (उदयपुर, बांसवाड़ा एवं चित्तौड़गढ़) का पुनर्गठन करके **प्रतापगढ़** को राजस्थान का **33वां** जिला बनाया गया था।
- राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2022-23 की बजट घोषणा की अनुपालना में 21 मार्च 2022 को नवीन जिलों के निर्माण की अभिशंषा देने हेतु सेवानिवृत आई.ए.एस. श्री रामलुभाया की अध्यक्षता में एक **उच्च स्तरीय समिति** गठित की गई थी।
- उक्त कमेटी की अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर 17 मार्च 2023 को माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान **19 नए जिलों** एवं **3 नए संभागों** की घोषणा की गई थी।
- **रामलुभाया कमेटी** द्वारा 02 अगस्त 2023 को अपनी अंतिम रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत की गई, इस समिति की रिपोर्ट पर 04 अगस्त 2023 को मंत्रीमण्डल द्वारा विचार-विमर्श कर 19 नए जिलों एवं 3 नए संभागों के गठन का अनुमोदन किया गया।
- अनुमोदन के पश्चात् 06 अगस्त 2023 को राज्य सरकार द्वारा 19 नए जिलों एवं 3 संभागों की अधिसूचना जारी की गई है। यह अधिसूचना **07 अगस्त 2023** से प्रभावी हो गयी।
- राजस्थान सरकार द्वारा **29 दिसम्बर 2024** को जारी नवीन जिलों की अधिसूचना के अनुसार राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 15 व 16 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर एवं इस संबंध में जारी पूर्व अधिसूचनाओं का अधिक्रमण करते हुए 5 अगस्त 2023 को गठित 19 जिलों में से **9 जिलों** को निरस्त करते हुए, इन जिलों में सम्मिलित उपखण्ड एवं तहसीलों को यथावत मूल जिलों में शामिल किया गया है जो इस प्रकार हैं—

क्र. सं.	निरस्त किये गये जिलें	मूल जिला जिसमें शामिल किया गया
1.	अनूपगढ़	श्री गंगानगर, बीकानेर
2.	दूदू एवं जयपुर ग्रामीण	जयपुर
3.	गंगापुर सिटी	सवाई माधोपुर, करौली
4.	जोधपुर ग्रामीण	जोधपुर
5.	केकड़ी	अजमेर, टोंक
6.	नीमकाथाना	सीकर, झुंझुनूं
7.	सांचौर	जालौर
8.	शाहपुरा	भीलवाड़ा

Note:—पुनर्गठन के बाद वर्तमान में राजस्थान में जिलों की संख्या **41** रह गई है। पुनर्गठित नवीन जिलों का वर्णन नीचे दिया गया हैं—

जयपुर

जिला	उपखण्ड (16)	तहसील (21)
जयपुर	जयपुर	जयपुर, कालवाड़
	आमेर	आमेर
	सांगानेर	सांगानेर
	बस्सी	बस्सी, तूंगा
	चाकसू	चाकसू, कोटखावदा
	जमवारामगढ़	जमवारामगढ़, आंधी
	चौमूं	चौमूं
	सांभरलेक	फुलेरा मु. सांभरलेक
	माधोराजपुरा	माधोराजपुरा
	रामपुरा डाबडी	रामपुरा डाबडी, जालसू
	किशनगढ़ रेनवाल	किशनगढ़ रेनवाल
	जोबनेर	जोबनेर
	शाहपुरा	शाहपुरा
	दूदू	दूदू
	फागी	फागी
	मौजमाबाद	मौजमाबाद

8 जनसंख्या : आकार, वृद्धि, वितरण, घनत्व, लिंगानुपात एवं साक्षरता [Population : Size, Growth, Distribution, Density, Sex Ratio & Literacy]

❖ भारत सरकार के **गृह मंत्रालय** के अधीन **जनगणना आयुक्त एवं रजिस्ट्रार जनरल** के द्वारा राज्यों/के.शा.प्र. के सहयोग से **प्रत्येक 10 वर्ष** के अंतराल में जनगणना करवायी जाती है। भारत की **प्रथम जनगणना 1872 ई.** में, प्रथम व्यवस्थित जनगणना-**1881** ई. में तथा **15वीं** जनगणना **2011 ई.** में की गयी। यह स्वतंत्र भारत की **7वीं** जनगणना है। **2011** की जनगणना के अनुसार **राजस्थान का देश में आठवाँ स्थान** है। **2 जून, 2014** को **तेलंगाना राज्य के गठन** के पश्चात् राजस्थान का **सातवाँ स्थान** हो गया है। राज्य की जनसंख्या **6.86 करोड़** है जो देश की जनसंख्या का **5.67%** है।

राजस्थान की जनगणना 2001 व 2011 का तुलनात्मक अध्ययन

क्र.सं.	तथ्य	2001	2011 (अनंतिम)	2011 (अंतिम)
1.	**राजस्थान की जनसंख्या**	5,65,07,188	6,86,21,012	**6,85,48,437**
2.	**जनसंख्या घनत्व (प्रति वर्ग किमी.)**	165	201	**200**
3.	**लिंगानुपात**	921	926	**928**
4.	**दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर**	28.41%	21.44%	**21.3%**
5.	**सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला**	जयपुर	जयपुर	**जयपुर**
6.	**न्यूनतम जनसंख्या वाला जिला**	जैसलमेर	जैसलमेर	**जैसलमेर**
7.	**सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व**	जयपुर (471)	जयपुर (598)	**जयपुर (595)**
8.	**न्यूनतम जनसंख्या घनत्व**	जैसलमेर (13)	जैसलमेर (17)	**जैसलमेर (17)**
9.	**सर्वाधिक लिंगानुपात वाला जिला**	डूँगरपुर (1022)	डूँगरपुर (990)	**डूँगरपुर (994)**
10.	**न्यूनतम लिंगानुपात वाला जिला**	जैसलमेर (821)	धौलपुर (845))	**धौलपुर (846)**
11.	**सर्वाधिक दशकीय वृद्धि दर** (2001-2011)	जैसलमेर (47.52%)	बाड़मेर (32.55%)	**बाड़मेर (32.5%)**
12.	**न्यूनतम दशकीय वृद्धि दर**	राजसमंद (19.97%)	गंगानगर (10.06%)	**गंगानगर (10.0%)**
13.	0-6 **आयु वर्ग की जनसंख्या का प्रतिशत**	18.84%	15.31%	**15.5%**
14.	0-6 **आयु वर्ग की सर्वाधिक जनसंख्या**	जयपुर	जयपुर	**जयपुर**
15.	0-6 **आयु वर्ग की न्यूनतम जनसंख्या**	जैसलमेर	जैसलमेर	**जैसलमेर**
16.	0-6 **आयु वर्ग का लिंगानुपात**	909	883	**888**
17.	0-6 **आयु वर्ग में सर्वाधिक लिंगानुपात**	बाँसवाड़ा (964)	प्रतापगढ़ (926)	**बाँसवाड़ा (934)**
18.	0-6 **आयु वर्ग में न्यूनतम लिंगानुपात**	गंगानगर (850)	झुँझुनूँ (831)	**झुँझुनूँ (837)**
19.	**कुल साक्षरता**	60.41%	67.06%	**66.1%**
20.	**पुरुष साक्षरता**	75.70%	80.51%	**79.2%**
21.	**महिला साक्षरता**	43.90%	52.66%	**52.1%**
22.	**सर्वाधिक साक्षरता**	कोटा (73.50%)	कोटा (77.48%)	**कोटा (76.6%)**
23.	**न्यूनतम साक्षरता**	बांसवाड़ा (44.60%)	जालौर (55.58%)	**जालौर (54.9%)**
24.	**सर्वाधिक पुरुष साक्षरता**	झुँझुनूँ	झुँझुनूँ	**झुँझुनूँ (86.9%)**
25.	**न्यूनतम पुरुष साक्षरता**	बाँसवाड़ा	प्रतापगढ़	**प्रतापगढ़, बाँसवाड़ा (69.5%)**
26.	**सर्वाधिक महिला साक्षरता**	कोटा	कोटा	**कोटा (65.9%)**
27.	**न्यूनतम महिला साक्षरता**	जालौर	जालौर	**जालौर (38.5%)**

Unit-III : अर्थव्यवस्था : राजस्थान

1 ग्रामीण विकास, राज्य के विकास में उद्योग की भूमिका [Role of Industry in Rural Development, State Development]

ग्रामीण विकास

- ग्रामीण विकास, अपेक्षाकृत मुख्य धारा से दूर और बिखरी आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन की गुणवत्ता और आर्थिक स्थिति में सुधार हेतु आवश्यक है।
- राज्य के नियोजित विकास के लिए क्रियान्वित की जाने वाली लगभग सभी विकास गतिविधियां ग्रामीण क्षेत्रों व ग्रामीण आबादी को लाभान्वित करती हैं। राज्य में विभिन्न स्तरों पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से ग्रामीण विशिष्ट विकास कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने के लिए पृथक से **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग** संचालित है।
- ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक कार्यक्रम/योजनाएं संचालित की जा रही हैं।
- इन कार्यक्रमों/योजनाओं का उद्देश्य गरीबी को कम करना, ग्रामीण क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं में वृद्धि करना, मज़दूरी आधारित रोजगार व स्वरोजगार के अवसर बढ़ाना और विकास व ग्रामीण आवास में क्षेत्रीय असंतुलन को मिटाना है।
- ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में निम्नलिखित योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं—

1. **राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (आर.जी.ए.वी.पी.) राजीविका**—इसकी स्थापना राजस्थान सरकार द्वारा ग्रामीण विकास विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में अक्टूबर, 2010 में एक स्वायत्त परिषद के रूप में की गई।
   - यह परिषद सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1958 के अन्तर्गत पंजीकृत है तथा इसके द्वारा स्वयं सहायता समूह आधारित संस्थानिक अवधारणा के आधार पर समस्त ग्रामीण आजीविका कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने का कार्य किया जा रहा है।
   - इस सोसायटी का उद्देश्य ग्रामीण निर्धनों के लिए स्थाई वित्तीय और प्रभावी संस्थानिक आधार सृजित करना, सतत आजीविका में वृद्धि के माध्यम से घरेलू आय में वृद्धि करना, वित्तीय व चिह्नित लोक सेवाओं तक उनकी पहुँच बढ़ाना और तेजी से बदलते बाहरी सामाजिक-आर्थिक एवं राजनैतिक परिदृश्य के अनुरूप उनकी व्यवहार क्षमता को बढ़ाना है।
   - वर्तमान में राजीविका द्वारा निम्नलिखित आजीविका परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं—
     - ✧ राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एन.आर.एल.एम.) सम्पूर्ण राज्य में क्रियान्वित किया जा रहा है।
     - ✧ राष्ट्रीय ग्रामीण आर्थिक परिवर्तन परियोजना (एन.आर.ई.टी.पी.) राज्य के 9 जिलों के 36 ब्लॉकों में संचालित की जा रही है।
   - वित्तीय संसाधन - उपरोक्त योजनाओं में भारत सरकार का अंशदान 60 प्रतिशत एवं राज्य सरकार का अशंदान 40 प्रतिशत है।
   - राजीविका के अन्तर्गत क्रियान्वित की जा रही परियाजनाओं में की जाने वाली मुख्य गतिविधियों में संस्था निर्माण, क्षमता संवर्द्धन, वित्तीय समावेशन, आजीविका विकास एवं कनवर्जेन्स सम्मिलित है।
   - राजीविका के अन्तर्गत मार्च, 2024 तक 46.67 लाख गरीब परिवारों को 3,87,822 स्वयं सहायता समूहों, 31,032 ग्राम संगठन (वी.ओ.) एवं 1,040 क्लस्टर लेवल फेडरेशन के रूप में संगठित किया गया है।
   - राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद द्वारा 2,69,279 स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फण्ड द्वारा वित्तीय सहायता एवं 1,53,387 स्वयं सहायता समूहों को आजीविका सहायता (सामुदायिक निवेश निधि) उपलब्ध कराई गई है।
   - राजीविका के अन्तर्गत क्रमोन्नत हुए स्वयं सहायता समूहों में से कुल 2,95,138 स्वयं सहायता समूहों के बैंकों में बचत खाते खुलवाए गए हैं एवं उन्हें बैंकों के माध्यम से ₹6,517.08 करोड़ राशि का ऋण उपलब्ध कराया गया है।
2. **महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना (एम.जी.एन.आर.ई.जी.एस.)**—इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराना एवं इसके द्वारा समावेशी विकास को बढ़ावा देना है।
   - यह सम्पूर्ण राज्य में संचालित है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में आजीविका सुरक्षा में वृद्धि के लिए, ऐसे प्रत्येक परिवार को एक वित्तीय वर्ष के दौरान 100 दिन का सुनिश्चित रोजगार उपलब्ध कराना है, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने हेतु स्वेच्छा से तैयार है। योजना की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं—
     - ✧ ग्राम पंचायत के सभी स्थानीय निवासी इस योजना के अन्तर्गत पंजीकरण हेतु पात्र हैं।
     - ✧ पंजीकरण के 15 दिवस में परिवार के सभी वयस्क सदस्यों को फोटोयुक्त जॉबकार्ड निःशुल्क जारी किए जाते हैं।
     - ✧ रोजगार हेतु आवेदन की तिथि सहित रसीद प्रदान की जाती है।
     - ✧ आवेदन की दिनांक से 15 दिवस में रोजगार उपलब्ध करवाने की गारण्टी है।
     - ✧ आवेदन के 15 दिवस की अवधि में रोजगार उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में राज्य सरकार द्वारा बेरोजगारी भत्ता दिया जाता है।
     - ✧ गांव से 5 किमी. की परिधि में ही कार्य उपलब्ध करवाया जाता है। 5 किमी. से अधिक दूरी होने पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त मज़दूरी देय होती है।
     - ✧ किए गए कार्य के आधार पर मज़दूरी का भुगतान किया जाता है।

4 राज्य के विकास में खनिज क्षेत्र की भूमिका
[Role of Mineral Sector in the Development of the State]

- ❖ भारत में खनिजों की उपलब्धता और विविधता के मामले में राजस्थान सर्वाधिक समृद्ध राज्यों में से एक है।
- ❖ राजस्थान में 81 विभिन्न प्रकार के खनिजों के भंडार हैं। इनमें से वर्तमान में 58 खनिजों का खनन किया जा रहा है।
- ❖ राजस्थान सीसा एवं जस्ता अयस्क, सेलेनाईट और वॉलेस्टोनाइट का **एकमात्र उत्पादक राज्य** है।
- ❖ देश में चाँदी, केल्साइट और जिप्सम का लगभग सम्पूर्ण उत्पादन राजस्थान में होता है।
- ❖ राजस्थान देश में बॉल क्ले, फॉस्फोराइट, ओकर (गेरु), स्टेटाइट, फेल्सपार एवं फायर क्ले का भी प्रमुख उत्पादक है।
- ❖ राज्य का आयामी और सजावटी पत्थर जैसे - संगमरमर, सेण्डस्टोन एवं ग्रेनाईट आदि के उत्पादन में भी देश में प्रमुख स्थान है।
- ❖ भारत में सीमेन्ट ग्रेड व स्टील ग्रेड लाइम स्टोन का राज्य अग्रणी उत्पादक है।
- ❖ वर्तमान में खनन पट्टों को ई-नीलामी प्रक्रियाओं द्वारा प्रदान किया जा रहा है। राज्य में प्रधान खनिजों के लिए 148 पट्टे, अप्रधान खनिजों के लिए 16,817 खनन पट्टे एवं 17,454 खदान लाईसेन्स है।

खनिजों का वर्गीकरण

1. **धात्विक खनिज (Metallic Minerals)**—लोहा, चाँदी, टंगस्टन, मैंगनीज, सीसा-जस्ता, ताँबा, सोना, केडमियम, बॉक्साइट आदि।
   - **(a) लौह धात्विक खनिज (Iron Metallic Minerals)**—लोहा (Fe), एल्यूमिनियम (Al), एण्टीनम, गैलियम, लिथियम (Li), मैंगनीज (Mn), मर्करी, मॉलिब्डेनम, यूरेनियम (U), रेडमियम, थोरियम, टाइटेनियम आदि।
   - **(b) अलौह धात्विक खनिज (Non-Iron Metallic Minerals)**—ताँबा (Cu), निकिल (Ni), प्लेटिनम, सोना (Au), चाँदी (Ag), कोबाल्ट (Co), क्रोमियम (Cr), जिंक (Zn), लैड (Pb), बिस्मिथ, टंगस्टन (W), टेण्टलम/नियोबियन आदि।
2. **अधात्विक खनिज (Non-Metallic Minerals)**—एस्बेस्टॉस, अभ्रक, वोलस्टोनाइट, वरमीक्यूलाइट, फेल्सपार, सिलिका रेत, क्वार्ट्ज, डोलोमाइट, चायना क्ले, बॉलक्ले, फायरक्ले, पन्ना, गारनेट, जिप्सम ($CaSO_4 2H_2O$), राक फॉस्फेट, पाइराइट्स, चूना पत्थर, फ्लोर्सपार, बेराइट्स, बेन्टोनाइट, मुल्तानी मिट्टी, संगमरमर, ग्रेनाइट व इमारती पत्थर, सोपस्टोन, कैल्साइट, गेरू, नमक, केओलिन, स्लेट पत्थर आदि।
3. **ईंधन खनिज (Fuel Minerals)**—लिग्नाइट, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस आदि।
4. **आणविक खनिज (Atomic Minerals)**—लिथियम, यूरेनियम, बोरिलियम, थोरियम आदि।

राजस्थान के खनिज : एक दृष्टि में

खनिज (अयस्क)	सर्वाधिक उत्पादन	महत्त्वपूर्ण खनन क्षेत्र/भण्डार	उपयोग/विशेष विवरण
लौह-अयस्क (हेमेटाइट, लिमोनाइट, मैग्नेटाइट)	**जयपुर**	**जयपुर** -मोरीजा बानोल, **दौसा**-नीमला-राइसेला (रायसर), **सीकर**-रामपुरा, डाबला, थोई, **झुँझुनूँ**-डाबला-सिंघाना, **उदयपुर**-थूर हुण्डेर, नाथरा की पाल, **बूँदी**-लोहारपुरा, इन्द्रगढ़, **भीलवाड़ा**-बीगोद, बनेड़ा, **बाँसवाड़ा**-कमलपुरा, लामया, **डूँगरपुर**-तलवारा, खाचरिया, लोहारिया, **झालावाड़**-डग, पादरपाल	• मशीन निर्माण में • राज्य में कमी • जलज एवं आग्नेय चट्टानों से प्राप्त • देश में छठा स्थान
मैंगनीज (साइलोमैलीन, पाइरोलुसाइट, ब्रोनाइट)	**बाँसवाड़ा**	**बाँसवाड़ा**-लीलवाना, तलवाड़ा, कालाखूंटा, **उदयपुर**- तामेसरा, नेगड़िया, सरूपपुरा, देबारी, **सवाई माधोपुर**-रेवासा, **अलवर, राजसमंद**-नाथद्वारा	• लौह-इस्पात व शुष्क सेल निर्माण • रासायनिक उद्योग
सीसा-जस्ता (कैलेमिन जिंकाइट) (गेलेना)	**उदयपुर**	**उदयपुर**-देबारी, **सलूम्बर** - जावर, मोचिया मगरा, बरोड़ मगरा, जावरमाला, **राजसमंद** - राजपुरा-दरीबा, **भीलवाड़ा** - रामपुरा आँगूचा, गुलाबपुरा, देवास, सामोदी, **सवाईमाधोपुर** - चौथ का बरवाड़ा, **डूँगरपुर** - घूघरा, माण्डो, **बाँसवाड़ा**-बारडालिया, **अलवर** - गुढ़ा किशोरीदास, **अजमेर** - घुघरा, तीखी, सावर	• बर्तन व आभूषण निर्माण • रासायनिक उद्योग • **जावर**-देश में सीसे-जस्ते की सबसे बड़ी खान

6 राज्य की आय एवं बजट की अवधारणा [State Income and Concept of Budget]

राजकोषीय प्रबन्धन

❖ वर्ष 2022-23 में मुख्य राजकोषीय लक्ष्यों के सन्दर्भ में वित्तीय स्थिति का सारांश निम्नानुसार है—

✧ **राजस्व घाटा**—संशोधित अनुमान वर्ष 2022-23 में अनुमानित ₹32,310 करोड़ के स्थान पर राजस्व घाटा राशि ₹31,491 करोड़ रहा।

✧ **राजकोषीय घाटा**—वर्ष 2022-23 के संशोधित अनुमानों में अनुमानित ₹61,264 करोड़ के स्थान पर वास्तविक राजकोषीय घाटा ₹51,029 करोड़ रहा, जो कि राज्य सकल घरेलू उत्पाद का 3.76 प्रतिशत है, तथा एफ.आर. बी.एम. अधिनियम, 2005 के द्वारा अनुमत सीमा 4.37 प्रतिशत (विद्युत क्षेत्र के लिए 0.50 प्रतिशत एवं 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण के लिए 0.37 प्रतिशत अतिरिक्त सहित) से कम है।

❖ राज्य सरकार की राजकोषीय स्थिति/वित्तीय मानकों का विस्तृत विवरण निम्नानुसार तालिका में दर्शाया गया है—

राजकोषीय स्थिति/परिमाप

क्र.	मद	2022-23 (₹ करोड़)
1.	**राजस्व प्राप्तियाँ**	**194988**
	✧ स्वयं का कर राजस्व	87347
	✧ कर भिन्न राजस्व	20564
	✧ केन्द्रीय करों में हिस्सा	57231
	✧ केन्द्रीय सहायता	29846
2.	**गैर साख पूंजीगत प्राप्तियाँ**	**436**
	इसमें से उदय योजनान्तर्गत व्यय	0
3.	**कुल प्राप्तियाँ (राजस्व प्राप्तियाँ + गैर साख पूंजीगत प्राप्तियाँ)**	**195424**
4.	**कुल व्यय**	**246452**
	इसमें से उदय योजनान्तर्गत व्यय	0
	✧ राजस्व व्यय	226479
	इसमें से (क) उदय योजनान्तर्गत व्यय	0
	इसमें से (ख) ब्याज भुगतान	30602
	✧ पूँजीगत परिव्यय	19798
	इसमें से उदय योजनान्तर्गत व्यय	0
	✧ उधार एवं अग्रिम	175
5.	**सकल राज्य घरेलू उत्पाद (प्रचलित कीमतों पर वर्ष 2011-12 की श्रृंखलानुसार)**	**1357851**
6.	**राजस्व घाटा**	**31491**
6 (अ)	राजस्व घाटा (उदय योजना रहित)	**31491**

क्र.	मद	2022-23 (₹ करोड़)
7.	**राजकोषीय घाटा**	**51029**
8.	**प्राथमिक घाटा**	20427
9.	राजकोषीय घाटे का सकल राज्य घरेलू उत्पाद से अनुपात प्रतिशत	**3.76**
10.	राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि दर (प्रतिशत)	6.02
11.	राज्य के स्वयं के कर राजस्व में वृद्धि दर (%)	16.76
12.	सकल राज्य घरेलू उत्पाद से राजस्व प्राप्तियाँ (%)	14.36
13.	सकल राज्य घरेलू उत्पाद से राज्य के स्वयं का कर राजस्व (प्रतिशत)	6.43
14.	**वेतन एवं मजदूरी पर व्यय**	**59774**
	✧ राजस्व प्राप्तियों से प्रतिशत	30.66
	✧ राजस्व व्यय से प्रतिशत (ब्याज एवं पेंशन भुगतान के अतिरिक्त)	35.06
15.	**ब्याज भुगतान व्यय**	**30602**
	✧ राजस्व प्राप्तियों से प्रतिशत	15.69
	✧ राजस्व व्यय से प्रतिशत	13.51
16.	**राजकोषीय देनदारियाँ (ऋण एवं अन्य दायित्व)**	**505574**
	सकल राज्य घरेलू उत्पाद से प्रतिशत	37.23

प्रौद्योगिकी के निम्न स्तर

- वर्तमान में दिन-प्रतिदिन नवीन तकनीकी का विकास हो रहा है। ये तकनीक हालाँकि महँगी है और उन्हें उत्पादन में लागू करने के लिए काफी कौशल वाले लोगों की आवश्यकता होती है।
- किसी भी नई तकनीक के लिए पूंजी और प्रशिक्षित तथा कुशल कर्मियों की आवश्यकता होती है। इसलिए, मानव पूंजी की कमी और कुशल श्रम का अभाव अर्थव्यवस्था में प्रौद्योगिकी के प्रसार में बड़ी बाधाएँ हैं।

स्वास्थ्य सेवा और कुपोषण

- राजस्थान अपर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाओं से जूझ रहा है, खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा सुविधाओं तक पहुँच सीमित है, जिससे बीमारियों और अपर्याप्त पोषण का प्रचलन बढ़ रहा है।
- बच्चों और महिलाओं में कुपोषण एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बना हुआ है, जिसे बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं, जागरुकता कार्यक्रमों और पोषण संबंधी सहायता के माध्यम से संबोधित करने की आवश्यकता है।

लैंगिक असमानता और सामाजिक मुद्दे

- राजस्थान में लैंगिक असमानता, बाल विवाह और जातिगत भेदभाव जैसे सामाजिक मुद्दे लगातार सामने आ रहे हैं।
- महिलाओं को अक्सर शिक्षा, रोजगार और निर्णय लेने के सीमित अवसरों का सामना करना पड़ता है।
- लिंग आधारित भेदभाव को खत्म करना, महिला सशक्तिकरण में सुधार करना और सामाजिक समानता को बढ़ावा देना राज्य के समग्र विकास और प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है।
- उल्लेखनीय है कि राज्य में जल संकट एवं सूखे से लेकर गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक मुद्दों तक कई चुनौतियाँ हैं।
- उपरोक्त समस्याओं को दूर करने के लिए सरकारी हस्तक्षेप, सार्वजनिक भागीदारी और सतत विकास रणनीतियों को शामिल करते हुए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देना

- राजस्थान सरकार को अनुसंधान एवं विकास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप्स और इनक्यूबेटर्स को समर्थन देकर राज्य में नवाचार और उद्यमशीलता की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए।
- सरकार को शिक्षा जगत, उद्योग और सरकार के बीच सहयोग को भी सुविधाजनक बनाना चाहिए ताकि एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाया जा सके जो नए विचारों, उत्पादों, प्रक्रियाओं और समाधानों को उत्पन्न कर सके।
- सरकार को बौद्धिक संपदा अधिकारों की भी रक्षा करनी चाहिए तथा पेटेंटिंग और लाइसेंसिंग को प्रोत्साहित करना चाहिए।

असमानता और गरीबी का समाधान

- सरकार को प्रगतिशील कराधान नीतियों को लागू करके राज्य में असमानता और गरीबी का समाधान करना चाहिए, जिससे आय और धन को अमीरों से गरीबों में पुनर्वितरित किया जा सके।
- सामाजिक कल्याण योजनाओं की कवरेज और गुणवत्ता का भी विस्तार सरकार को करना चाहिए, जो समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को बुनियादी आय सहायता, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य बीमा, शिक्षा छात्रवृत्ति, आवास सब्सिडी और कौशल विकास प्रदान कर सकें।
- महिलाओं, अल्पसंख्यकों, दलितों, आदिवासियों आदि को समान अधिकार, अवसर और आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित करके उन्हें सशक्त बनाने के लिए सामाजिक संगठनों एवं राज्य सरकार द्वारा प्रयास किये जाने चाहिए।

जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरणीय क्षरण को कम करना

- राजस्थान सरकार को हरित नीतियों को अपनाकर राज्य में जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय गिरावट को कम करना चाहिए, जिससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन (जीएचजी) को कम किया जा सके।
- राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा दिया जा सके, ऊर्जा दक्षता में वृद्धि की जा सके, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण किया जा सके, जैव विविधता की रक्षा की जा सके और अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार किया जा सके।
- सरकार को ऐसे अनुकूलन उपायों को भी लागू करना चाहिए जो बाढ़, सूखा, चक्रवात, गर्मी की लहर आदि जैसे जलवायु झटकों के प्रति लचीलापन बढ़ा सकें।

बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

1. राजस्थान की अर्थव्यवस्था में मुख्य रूप से भागीदार कृषि को प्रभावित करने वाला कारक है?
(A) वर्षा की कमी एवं अपर्याप्त सिंचाई सुविधाएँ
(B) शिक्षा और साक्षरता
(C) वनोन्मूलन
(D) नवाचार एवं उद्यमशीलता **[A]**

2. राजस्थान की अर्थव्यवस्था के समक्ष आने वाली प्रमुख समस्याओं में सम्मिलित हैं?
(A) तीव्र जनसंख्या वृद्धि (B) साक्षरता की कमी
(C) जल की कमी (D) उपर्युक्त सभी **[D]**

3. राजस्थान की अर्थव्यवस्था के समक्ष आने वालीव चुनौतियों को किस प्रकार कम किया जा सकता है?
(A) नवाचार एवं उद्यमशीलता को बढ़ाना
(B) बुनियादी ढांचे का विकास
(C) साक्षरता का उच्च स्तर
(D) उपर्युक्त सभी **[D]**

4. राज्य की अर्थव्यवस्था निम्न में से किससे प्रभावित नहीं होती है?
(A) प्रौद्योगिकी का निम्न स्तर
(B) अपर्याप्त सिंचाई सुविधाओं के कारण पैदावार की कमी
(C) अधिक उपज देने वाली फसलों का उत्पादन
(D) सड़क, रेलवे, बिजली, पानी जैसे पर्याप्त बुनियादी ढांचे का अभाव **[C]**

दक्ष की पुस्तकें Online Order करने के लिए www.dakshbooks.com पर जायें







DAKSH PUBLICATIONS
(A Unit of College Book Centre)
A-19 सेठी कॉलोनी, जयपुर (राज.)
फोन नं. 0141-2604302
Code No. D-816 | ₹ 650/-

इस पुस्तक को ONLINE खरीदने हेतु
WWW.DAKSHBOOKS.COM
पर ORDER करें

★ SPECIAL DISCOUNT + FREE DELIVERY ★